प्रेस नोट

जनपद भदोही

दिनांक: 28.10.2026

◆ पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा कानून-व्यवस्था व जनसुनवाई को लेकर ली गईं दो महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकें

◆ पुलिस लाइन में यूपी-112 कर्मियों की गोष्ठी लेकर नवीन एसओपी (SOP) के अनुपालन व सक्रिय गश्त के दिए कड़े निर्देश

◆ गूगल मीट के माध्यम से आईजीआरएस एवं समस्त माध्यमों से प्राप्त जनशिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की ली गई विस्तृत समीक्षा बैठक

◆ थाना दिवस, समाधान दिवस, संपूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस), थाना स्तर व एसपी कार्यालय से अग्रसारित प्रार्थना पत्रों के स्थलीय व पारदर्शी निस्तारण पर विशेष बल

◆ जनशिकायतों के निस्तारण में पूर्ण संवेदनशीलता बरतने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न करने हेतु किया गया निर्देशित

आज दिनांक 28.10.2026 को पुलिस अधीक्षक भदोही श्री अभिनव त्यागी द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक श्री शुभम अग्रवाल की उपस्थिति में जनपद में चुस्त-दुरुस्त कानून-व्यवस्था, त्वरित पुलिस सहायता एवं जनसुनवाई को और अधिक प्रभावी व संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं:-

1. यूपी-112 समीक्षा गोष्ठी (स्थान: पुलिस लाइन ज्ञानपुर):

पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त यूपी-112 पीआरवी कर्मियों (प्रभारियों, चालकों व आरक्षियों) के साथ गोष्ठी आयोजित कर मुख्यालय द्वारा निर्गत नवीन मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी महोदय ने कहा कि पीआरवी वाहन इवेंट से मुक्त समय में एक स्थान पर खड़े रहने के बजाय अपने आवंटित क्षेत्र में 10 से 15 किमी/घंटा की गति से निरंतर चलायमान रहें। आमजन में सुरक्षा का भाव जाग्रत करने हेतु प्रमुख बाजारों, आबादी क्षेत्रों, चौराहों व संवेदनशील स्थानों पर नियमित अंतराल (प्रत्येक 5 मिनट पर 10-15 सेकंड) पर हूटर का प्रयोग किया जाए तथा कॉलर की सूचना पर निर्धारित 15 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचकर त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाए।

2. आईजीआरएस एवं जनशिकायत समीक्षा बैठक (माध्यम: गूगल मीट):

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय की अध्यक्षता में गूगल मीट के माध्यम से अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी व आईजीआरएस कर्मियों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनता की शिकायतों के निस्तारण को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए एसपी महोदय ने निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का समाधान पुलिसिंग का मुख्य केंद्र बिंदु है। उन्होंने निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल, संपूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस), थाना समाधान दिवस, थाना स्तर पर प्राप्त होने वाली शिकायतों तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जांच/कार्यवाही हेतु थानों को अग्रसारित (फॉरवर्ड) किए गए समस्त प्रार्थना पत्रों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। कोई भी प्रार्थना पत्र थाने पर अकारण लंबित न रहे और न ही कोई संदर्भ डिफाल्टर श्रेणी में जाए। पुलिस अधिकारी व कर्मचारी स्वयं मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी तरीके से शिकायत का वास्तविक समाधान कराएं।

एसपी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जनशिकायतों के निस्तारण में पूरी गंभीरता व जवाबदेही बरती जाए तथा कागजी आख्या लगाने या अनावश्यक विलंब करने से बचा जाए। सभी अधिकारी व कर्मचारी जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहकर कार्य करें, जिससे आमजन को समय पर वास्तविक न्याय मिल सके।